दिन– बुधवार  दिनांक– 02/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।  अवधि – 05 मिनट

---

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि हालिया अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि कोविड–19 के टीकों से वयस्कों की अचानक होने वाली मौत के बीच कोई संबंध नहीं है। श्री नड्डा ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद– आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र– एनसीडीसी के व्यापक अध्ययनों से इस बात की पुष्टि हुई है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड–19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में अचानक हृदय संबंधी कारणों से होने वाली मौत के पीछे आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद स्थितियों और कोविड के बाद की जटिलताओं सहित कई अन्य कारण हो सकते हैं।

---

प्रदेश में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी है। अभियान छब्बीस जुलाई तक चलेगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पात्र नागरिकों को केवल उन्हीं निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवना चाहिए, जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत मतदाता केवल उसी विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने के हकदार हैं, जहां के वे सामान्य निवासी हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति का घर पटना में है और वे दिल्ली में रहते हैं तो उनका वोट पटना में नहीं, बल्कि दिल्ली में पंजीकृत होना चाहिए।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पटना के ज्ञान भवन में बैठक हो रही है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा बिहार से आने वाले पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और सभी जिलों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक

गतिविधियों की पंचायत स्तर तक समीक्षा होगी। इसके बाद राजनाथ सिंह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और उन्हें विधानसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र देंगे।

———————————————————————————

पटना के बाढ़ स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड की तीसरी इकाई से वाणिज्यिक बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। इस यूनिट की क्षमता छह सौ साठ मेगावाट है। नई यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू होने के बाद बिहार को तीन सौ तिरासी मेगावाट अधिक बिजली मिलने लगी है। एनटीपीसी बाढ़ की सभी इकाईयों से वर्तमान में कुल तीन हजार तीन सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जो देशभर में विंध्यांचल के बाद सबसे अधिक है।

———————————————————————————

सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों ने आज पटना में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। छात्र सरकारी नौकरियों में जल्द से जल्द डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग कर रहे थे। इससे पहले भी पांच जून को पटना में छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शन किया था।

———————————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले के तिलौथू में सबसे अधिक अड़तालीस दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, कल कैमूर, रोहतास, कटिहार और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–इकतीस पर दो हाइवा ट्रकों की आमने–सामने टक्कर में एक चालक की मौत हो गई, जबकि एक उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

दरभंगा जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवा और शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव से पुलिस ने तीन तस्करों तीन हजार एक सौ चौहत्तर लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।